ट्रेन की चपेट में आये घायल सातवीं के छात्र की मौत

गोहारी रेलवे ओवरब्रिज के पास हुआ था हादसा, परिवार में मचा कोहराम

फाफामऊ (प्रयागराज)। प्रयागराज के गोहारी रेलवे ओवरब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए कक्षा सात के छात्र की बुधवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक काररवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक शशांक सिंह की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, थरवई थाना क्षेत्र के कोरसंड गांव निवासी राहुल कुमार सिंह अपने परिवार के साथ शांतिपुरम में रहते हैं। उनका बड़ा बेटा १७ वर्षीय शशांक सिंह उर्फ बासु दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई शिवांश १३ वर्ष का है, जबकि बहन संजना की उम्र ११ वर्ष है। शशांक गोहारी स्थित देव बाल विद्या मंदिर में कक्षा सात में पढ़ता था। बताया गया कि मंगलवार सुबह शशांक घर से मार्निंग वाक के लिए निकला था। कान में लीड लगाकर वह गोहारी रेलवे ओवरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजनों ने उसे उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार सुबह उसकी मौत हो गयी। छात्र की मां प्रतिभा सिंह ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी है। हादसे के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मनु-शतरूपा की तपस्या और रावण जन्म की लीला ने बांधा समा

फाफामऊ (प्रयागराज)। श्रीरामलीला कमेटी फाफामऊ में मनु-शतरूपा की घोर तपस्या और रावण जन्म की लीला का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय और संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।लीला की शुरुआत मनु और शतरूपा की घोर तपस्या से हुई। संतान प्राप्ति और भगवान के दर्शन की कामना से दोनों कठिन तपस्या करते हैं। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु प्रकट होते हैं और उन्हें पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान देते हैं।

भगवान कहते हैं कि अगले जन्म में मनु राजा दशरथ और शतरूपा माता कौशल्या के रूप में जन्म लेंगी तथा वे स्वयं श्रीराम के रूप में उनके पुत्र बनेंगे। इसके बाद मंच पर रावण जन्म की लीला प्रस्तुत की गयी। ऋषि विश्रवा और कैकसी के पुत्र के रूप में रावण के जन्म, ब्रह्मा जी की तपस्या कर वरदान प्राप्त करने और अहंकार में तीनों लोकों पर विजय प्राप्त करने के प्रसंगों का मंचन किया गया। रावण के किरदार में कलाकार के दमदार अभिनय और प्रभावशाली संवादों को दर्शकों ने खूब सराहा। रामलीला के दौरान धार्मिक प्रसंगों के मंचन ने दर्शकों को रामकथा के विभिन्न पहलुओं से रूबरू कराया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी, महामंत्री सुरेश केसरवानी, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्राएं।

मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

महिला सुरक्षा, अधिकारों और साइबर अपराध से बचाव के बताये उपाय

मऊआइमा (प्रयागराज)। मिशन शक्ति और साइबर जागरूकता अभियान के तहत मऊआइमा थाना पुलिस की टीम ने चकश्याम उर्फ पूरे हिछा स्थित भोलानाथ रामसुख इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर की मौजूदगी में छात्राओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को बताया कि किसी भी तरह की परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में चुप रहने के बजाय परिजनों, शिक्षकों या पुलिस से मदद लेनी चाहिए। साथ ही सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने, अनजान लोगों के साथ निजी जानकारी साझा नहीं करने और संदिग्ध लिंक से दूर रहने की सलाह दी गयी। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों और उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को जागरूक और सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता और समय पर शिकायत से कई तरह की समस्याओं से बचा जा सकता है। इस मौके पर एसएसआई बालेंद्र सिंह, एसआई कुंवर गौरव सिंह, अर्जुन सिंह, महिला उपनिरीक्षक रीना गौतम, आकांक्षा मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

ताड़का वध की लीला देखकर रोमांचित हुए दर्शक

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पण्डाल

नैनी (प्रयागराज)। श्री रामलीला कमेटी चीनी मिल नैनी में आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म और उनकी बाल लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। आदर्श रामलीला कमेटी मऊ, सीधी (रीवा) के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला के दौरान पूरा पण्डाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में 'जब-जब होइ धरम कै हानी, बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी। तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा, हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।' की चौपाइयों के भाव के साथ भगवान श्रीराम के अवतरण की लीला प्रस्तुत की गयी। इसके बाद मुनि विश्वामित्र के आगमन, उनके साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के वन गमन तथा श्रीराम द्वारा ताड़का वध की लीला का प्रभावशाली मंचन हुआ।

कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से रामकथा के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। ताड़का वध के दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित किया, वहीं भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर श्री चीनी मिल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विनय जायसवाल, महामंत्री एवं पत्रकार राहुल जायसवाल, सुरेश तिवारी, डा. पवन जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, प्रदीप गुप्ता, सुनील यादव, अंकित कनौजिया, कैफे सुल्तान और कृष्णा केसरवानी, दशरथ जायसवाल सहित क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

छात्राओं को सुरक्षा के पहलुओं की दी जानकारी

मेजारोड (प्रयागराज)। समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय मेजा में मिशन शक्ति ६.० के तहत दिव्यांग एवं सामान्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए आत्मविश्वास के साथ हर परिस्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने गुड टच-बैड टच, फर्जी आईडी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए फोटो के दुरुपयोग और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। छात्राओं को समझाया गया कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर चुप रहने के बजाय अपने परिजनों, शिक्षकों या पुलिस से मदद लेनी चाहिए।

पुलिस टीम ने आपातकालीन पुलिस सेवा ११२, एंबुलेंस सेवा १०८, महिला हेल्पलाइन १८१, वूमेन पावर लाइन १०९०, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८ और साइबर हेल्पलाइन १९३० सहित विभिन्न सहायता नंबरों की जानकारी दी। साथ ही सुरक्षा, समानता और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को जागरूक एवं सतर्क रहने की अपील की गयी।

गौरांगी गौरीकी अमृतवाणी सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के हरीपुर सिधवार गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य गौरांगी गौरी जी के श्रीमुख से प्रवाहित भागवत अमृतवाणी सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। सुमधुर भजनों और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा कथा पण्डाल भक्तिमय हो गया।



व्यासपीठ से कथा का रसपान कराते हुए गौरांगी गौरी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। संसार के भौतिक सुख क्षणभंगुर हैं, जबकि भगवान के चरणों में समर्पित जीवन वास्तविक सुख और परम शांति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवन्नाम का स्मरण और सत्संग मनुष्य के कल्याण का श्रेष्ठ माध्यम है। जिस घर में भगवान का नाम गूंजता है और माता-पिता तथा संतों का सम्मान होता है, वहां सुख, शांति और अच्छे संस्कारों का वास होता है। मनुष्य को अहंकार, ईर्ष्या और मोह का त्याग कर परोपकार एवं सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा के दौरान प्रस्तुत भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महिलाओं और पुरुषों ने करतल ध्वनि के साथ भजनों में सहभागिता की। पूरा पण्डाल 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंजता रहा।कथा को लेकर हरीपुर सिधवार सहित आसपास के गांवों में भी धार्मिक उत्साह बना हुआ है। अंत में भगवान की आरती उतारी गयी और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंजे पूजा पण्डाल

करछना (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की श्रद्धा और उल्लास के साथ पूजा-अर्चना की गयी। क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों और दुर्गा पूजा पण्डालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भजन-कीर्तन और मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। करछना स्थित काली शक्ति पीठ, रामगढ़ के शीतला धाम, घोरहट की जरियन देवी मंदिर, चकिया फत्तेपुर और मझुआ स्थित शीतला धाम सहित विंध्यवासिनी धाम और अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान से मां की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दुर्गा पूजा कमेटियों की ओर से जगह-जगह सजाए गये पण्डालों में भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

धूमधाम से लगा जय पहलवान वीर बाबा का वार्षिक मेला

भव्य झांकियों ने मोहा मन, जयकारों से गूंजा मोहितान गांव

उतरांव (प्रयागराज)। जनपद के सैदाबाद क्षेत्र स्थित मोहितान गांव के लवकुश तिराहे पर जय पहलवान वीर बाबा की वार्षिक चौकी एवं भव्य मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

मेले में राधा-कृष्ण, काली मैया और शंकर-पार्वती सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। कलाकारों ने मनमोहक वेशभूषा और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजी झांकियां मेले का मुख्य आकर्षण रहीं। डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर निकली चौकी यात्रा के दौरान पूरा इलाका जय पहलवान वीर बाबा के जयकारों से गूंज उठा। करीब एक किलोमीटर के दायरे में लगे मेले में सुबह से ही बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की भीड़ जुटने लगी। खिलौनों और खानपान की दुकानों पर भी लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रही।

श्रद्धालुओं के लिए भोजन के लंगर की व्यवस्था भी की गयी, जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय आयोजकों और ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए उतरांव पुलिस भी मौजूद रही। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार कुशवाहा, रमेश कुमार, सुरेश, राजनाथ कुशवाहा, अमृत लाल, महेंद्र, मोहम्मद सैफ अंसारी, कलाम, शिवजीत, राज बहादुर, अरुण कुमार, सोमनाथ कुशवाहा और राजा दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



छात्राओं को महिला सुरक्षा और अधिकारों की दी जानकारी

हेल्पलाइन नंबर बताकर निडर होकर आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

सोरांव (प्रयागराज)। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-६ के तहत मंगलवार को सोरांव थाना पुलिस की महिला उपनिरीक्षक अर्चना गोंड के नेतृत्व में महिला आरक्षी सोनिया गौतम, किरण, नंदिनी और प्रीतू गौतम ने छात्राओं को जागरूक किया। टीम ने कहा कि बालिकाओं को अपने



टीम ने एक्सेल कान्वेंट स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी गयी। पुलिस टीम ने छात्राओं को किसी भी समस्या में घबराने के बजाय निडर होकर मदद लेने के लिए प्रेरित किया।

अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। किसी भी अप्रिय घटना या परेशानी की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को सूचना देनी चाहिए। अभियान के दौरान छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर १०९० और १८१, पुलिस आपातकालीन सेवा ११२, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ तथा साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के लिए १९३० की जानकारी दी गयी। पुलिस टीम ने बताया कि जरूरत पड़ने पर इन नंबरों के माध्यम से संबंधित सेवाओं से सहायता ली जा सकती है। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान और आयुष्मान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही शिक्षा के महत्व को समझाते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

चौकीदारों को मिली वर्दी सहित पांच सामग्री, मानदेय भी बढ़ा

१८ हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय की मांग, पांच लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा का स्वागत

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने क्षेत्र के करीब ४० चौकीदारों (ग्राम प्रहरियों) को जूते, धोती, साफा, वर्दी और ठंड से बचाव के लिए स्वेटर वितरित किए। सामग्री मिलने पर चौकीदारों ने खुशी जतायी, लेकिन मानदेय कम होने को लेकर उनकी नाराजगी भी सामने आई। ग्राम प्रहरियों ने मानदेय बढ़ाकर १८ हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की।

ग्राम प्रहरियों ने बताया कि शासन की ओर से उनका मासिक मानदेय २५०० रुपये से बढ़ाकर ३५०० रुपये किया गया है, लेकिन महंगाई के दौर में यह राशि परिवार का खर्च चलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले टार्च, साइकिल, बेल्ट और लाठी जैसी सामग्री भी दी जाती थी, जबकि इस बार पांच वस्तुएं ही मिली हैं। हालांकि, ग्राम प्रहरियों ने अपने परिजनों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा दिये जाने के आदेश का स्वागत किया। थाना परिसर में आयोजित वितरण कार्यक्रम में कुछ चौकीदार अनुपस्थित रहे। उन्हें बाद में आकर सामग्री ले जाने की सूचना दी गयी है। इस मौके पर चौकीदार रामराज, कालीचरण, मग्घू, रामबहादुर, ओमप्रकाश, मुन्नीलाल, पारसनाथ, लालचंद्र और शिवमूरत सहित अन्य ग्राम प्रहरी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि वितरण के लिए उपलब्ध कराई गयी सामग्री चौकीदारों को दे दी गयी है। शेष सामग्री उपलब्ध होते ही वितरित कर दी जायेगी।

चका में मां दुर्गा पूजा एवं उत्सव समिति गठित

सचिन बने अध्यक्ष, युवाओं को सौंपी गयी आयोजन की जिम्मेदारी

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के चका गांव में मां दुर्गा पूजा एवं उत्सव समिति का गठन किया गया। मां आदिशक्ति जगदंबा के पूजनोत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए युवाओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।समिति में सचिन गुप्ता को अध्यक्ष, पीयूष गुप्ता को प्रमुख जिम्मेदारी, अनुज पटेल एवं अंकित श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष और आदित्य गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, सोनू श्रीवास्तव को संचालक की जिम्मेदारी सौंपी गयी। आयोजन की व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए कुंवर सिंह, विजय सिंह, शिव प्रकाश, शेरू पटेल, मंजेश, चिंटू, निहाल, हिमांशु, लक्ष्मी और शिवा को कार्यकर्ता बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना शक्ति, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। समिति का उद्देश्य धार्मिक आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति को सशक्त बनाना और युवा पीढ़ी में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना है। बैठक में समिति के सदस्यों ने मां भगवती का पूजनोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया। साथ ही क्षेत्रवासियों से आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की।

अध्यक्ष और मंत्री पद सहित ३२ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अधिवक्ता संघ कोरांव का चुनाव ३० को, आज होगी नामांकन पत्रों की जांच

कोरांव (प्रयागराज)। बार एसोसिएशन तहसील कोरांव के आगामी ३० अक्तूबर को होने वाले चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। अंतिम दिन तक



अध्यक्ष और मंत्री सहित विभिन्न पदों के लिए कुल ३२ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस दौरान मतपत्रों की बिक्री भी जारी रही। निर्वाचन मंडल के अनुसार, गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी।

निर्वाचन अधिकारी रोहिणी प्रसाद तिवारी, बेचन लाल सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी दादाजी के सिंह और निर्वाचन सचिव श्याम मिश्रा ने बताया कि सभी पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुई है। निर्वाचन मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए विजय शंकर मिश्रा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ललन कुमार तिवारी, दिनेश कुमार सिंह और उमाकांत तिवारी ने नामांकन किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्यामाकांत त्रिपाठी और बालेश्वरी प्रसाद सिंह मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए उदित नारायण शुक्ल और अरुण कुमार ने पर्चा भरा है।

मंत्री पद के लिए योगेंद्र नाथ द्विवेदी उर्फ राजू दुबे और त्रिवेणी प्रसाद यादव ने नामांकन किया। उपमंत्री पद पर अशोक कुमार पांडेय और बद्री नारायण पांडेय ने पर्चा दाखिल किया। पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए आनंद कुमार बिंद और विनोद कुमार मिश्रा ने नामांकन किया है। आय-व्यय निरीक्षक पद पर लवकुश पाल और सूर्य नारायण शुक्ल ने दावेदारी पेश की है।वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए सुंदर लाल, अनिरुद्ध तिवारी, रामकृष्ण, निर्भय प्रकाश मिश्र, विवेक कुमार शुक्ल और संतोष कुमार सोनकर ने नामांकन किया। वहीं, कनिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए निशा श्रीवास्तव, रामराज मिश्र, मनोज कुमार, संतोष कुमार बिंद, शिव साहब यादव और वीरेंद्र कुमार मिश्र ने पर्चा दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच के बाद चुनावी तस्वीर और स्पष्ट होगी। अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों और अधिवक्ताओं में सरगर्मी बढ़ गयी है।

छात्रों को साइबर अपराध से सतर्क रहने की दी गयी जानकारी

केशव शिक्षा सदन इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम

सैदाबाद (प्रयागराज)। कस्बा स्थित केशव शिक्षा सदन इंटर कालेज परिसर में साइबर अपराध से बचाव और सतर्कता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को आनलाइन धोखाधड़ी के तरीकों की जानकारी देते हुए उनसे सतर्क रहने की अपील की गयी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतर्कता विभाग की उप महाप्रबंधक मनीषा चंदा ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के मांगने पर ओटीपी साझा न करें। सीबीआई, कस्टम या पुलिस अधिकारी बनकर फोन करने वाले लोगों के झांसे में न आएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई खुद को बैंक कर्मचारी बताकर फोन पर ओटीपी मांगता है या ई-केवाईसी कराने का दबाव बनाता है, तो सतर्क हो जाएं। जागरूकता और सावधानी से साइबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। सहायक महाप्रबंधक सतर्कता अमित कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलायी। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. वंदना तिवारी ने जागरूकता अभियान चलाने वाली टीम के प्रति आभार जताया। इस दौरान फर्जी फोन काल से जुड़े मामलों की जानकारी देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक रवीश शुक्ला, अरुण कुमार कनौजिया, हेमंत कुमार, कुंवर बहादुर, अनिकेत चौधरी, राजेश कुमार, प्रवीण मिश्र सहित कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा पण्डाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

लेड़ियारी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के लेड़ियारी बाजार में सब्जी मंडी के सामने स्थित नव युवक दुर्गा पूजा कमेटी के पण्डाल में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पूजा-अर्चना, विशेष आरती और प्रसाद वितरण से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। पंडित बबोले महाराज ने विधि-विधान से विशेष आरती संपन्न करायी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। पण्डाल में भक्ति गीतों और डीजे के माध्यम से उत्सव का माहौल बना हुआ है। मुख्य बाजार में पण्डाल होने के कारण खरीदारी के लिए आने वाले लोग भी मां के दर्शन कर रहे हैं। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि २० अक्तूबर को दशहरे के अवसर पर भव्य झांकी और मेले का आयोजन किया जायेगा।

घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के घीमपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, घीमपुर गांव निवासी गुड़िया देवी पत्नी कृष्ण चंद्र का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपित घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान घर-गृहस्थी के सामान को भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना में घायल गुड़िया देवी ने बुधवार को मऊआइमा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करायी। उनकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने दीपक कुमार, दिवेंद्र कुमार, नवीन कुमार और अशोक कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की काररवाई की जायेगी।

मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जोड़ने पर जोर, एसडीएम ने बीएलओ को दिये निर्देश

निर्धारित समय में पूरा करें पुनरीक्षण का कार्य, १८ वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं का नाम न छूटे

कोरांव (प्रयागराज)। उपजिलाधिकारी कोरांव टीपी सिंह ने मंगलवार को तहसील सभागार में शेष बीएलओ के साथ बैठक कर मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्वाचन संबंधी कार्य पूरा किया जाए और कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने पाए।

तहसील क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए कुल ४२१ बीएलओ नियुक्त किये गये हैं। एसडीएम ने सोमवार को दो सत्रों में बीएलओ के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग की मंशा से अवगत कराया था। इसी क्रम में मंगलवार को शेष बीएलओ के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

एसडीएम ने बताया कि ६ जनवरी २०२६ और १० अप्रैल की मतदाता सूचियों का मिलान कर उन मतदाताओं की पहचान की जाए, जिनके नाम गलती या किसी अन्य कारण से सूची



से कट गये हैं। ऐसे पात्र मतदाताओं से फार्म-६ भरवाकर उनके नाम दोबारा सूची में शामिल कराने की काररवाई की जाए।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान त्रुटिवश जिन पात्र लोगों के नाम कट गये हैं, उन्हें भी मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि १८ वर्ष की आयु पूरी कर चुके किसी भी पात्र महिला या पुरुष का नाम मतदाता सूची में छूटना नहीं चाहिए। यह सुनिश्चित करना बीएलओ की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में एसडीएम ने इंटर कालेजों के प्रधानाचार्यों के साथ भी बैठक की। उन्होंने विद्यार्थियों की रैली निकालने और मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी देकर जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५१)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४
E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।